Sales Tax evaded by Customs Collectorate, Delhi

4462. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether it is fact that the Delhi Customs Collectorate has been found evading sales tax worth lakhs of rupees on sales from its disposal unit at the airport and other outlets, including customs House ;

(b) if so, what are the details thereof stating the estimated annual amount of sales tax evaded by the Customs Collectorate ;

(c) whether Government have made any inquiry into the sales tax evasions by the Customs Collectorate to identify the persons involved ; and

(d) if so, what is the outcome thereof and what action has been taken by Government in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKHAR MURTHY): (a) and (b) There is a dispute between the Customs Department and Sales Tax Authorities, Delhi on the leviability of sales tax on sale of confiscated goods, which is pending decision before the Hon'ble Sales Tax Tribunal, Delhi.

(c) and (d) In view of above, do not arise.

राज्यों को विदेशों से प्राप्त हुई सहायता-राशि प्रदान किया जाना

4463. श्री मूल चन्द मीणा : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या योजना-आयोग ने विकास परियोजनाओं के लिए राज्यों को विभिन्न विश्व निकायों से प्राप्त हो रही विदेश-सहायता की सम्पूर्ण राशि देने के लिए कोई योजना बनाई है,

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है, और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्यों को राज्य-वार, विदेशों से प्राप्त हुई कुल कितनी सहायता राशि उपलब्ध करायी गई है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) और (ख) राज्य सरकारों को विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (i) जैसा कि उनके आयोजना परिव्यय में दिखाया गया है इस प्रकार की परियोजनाओं पर स्वयं के स्रोतों द्वारा किए जाने वाले व्यय और (ii) विदेशी वित्तीय एजेंसी द्वारा वास्तविक आबंटन और भारत सरकार द्वारा उन आबंटनों की प्राप्ति, के आधार पर दी जाती है । इस प्रकार के सभी मामलों में राज्य सरकारों को विदेशी आबंटनों के 100% के समतुल्य राशि केन्द्रीय सहायता के रूप में दी जा रही है ।

(ग) विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए राज्यों को दी जाने वाली अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता का विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है ।

विवरण

विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए राज्यों को अतिरिक्त केन्द्रिय सहायता

(करोड़ रुपए)

क्र. सं०	राज्य	1991-92	1992-93	1993-94
1.	आंध्र प्रदेश	290.77	625.90	893.65
2.	असम	1.74	5.00	3.64
3.	बिहार	17.29	34.00	24.09
4.	गुजरात	445.41	329.68	147.40
5.	हरयाणा	32.49	62.24	79.60
6.	हिमाचल प्रदेश	31.67	47.96	38.61
7.	जम्मू एवं कश्मीर	7.13	7.16	7.87
8.	कर्नाटक	138.45	297.84	349.40
9.	केरल	43.67	78.76	118.43
10.	मध्य प्रदेश	96.14	81.27	78.38